## संपादकीय

# संकट में बीएसएनएल

पब्लिक सेक्टर की टेलिकॉम कंपनी बीएसएनएल का वित्तीय संकट बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। कंपनी के पास अपने 1 लाख 76 हजार कर्मचारियों को जून की सैलरी देने के लिए भी पैसे नहीं हैं। इसके लिए उसने सरकार से 850 करोड़ रुपये मांगे हैं। छह महीने के भीतर दूसरी बार ऐसी नौबत आई है। इससे पहले कर्मचारियों को फरवरी की सैलरी मार्च के तीसरे हफ्ते में मिली थी। पिछले कई सालों से बीएसएनएल के खर्चे लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन उसकी आमदनी बढ़ने के बजाय घटती जा रही है।

बताया जा रहा है कि अभी उस पर करीब 13 हजार करोड़ रुपये की देनदारी चढ़ी हुई है। दूरसंचार विभाग ने बीएसएनएल से सभी तरह के ठेके और खरीदारी के ऑर्डर जारी करने का काम रोक देने को कहा है। पिछले हफ्ते कंपनी के इंजीनियरों और लेखा पेशेवरों के एक संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कंपनी के पुनरुद्धार के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उनका कहना है कि बीएसएनएल पर कोई कर्ज नहीं है और इसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़ रही है, ऐसे में कंपनी को फिर से खड़ा किया जाना चाहिए। साथ ही जो कर्मचारी अपना काम ठीक से नहीं कर रहे, कंपनी में उनकी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। दरअसल दूरसंचार क्षेत्र में निजी कंपनियों के आने के बाद से बीएसएनएल तकनीकी मामलों में उनसे पिछड़ती गई। फिर साल 2016 में जियो के आने के बाद से टेलिकॉम कंपनियों में डेटा पैक और टैरिफ सस्ता करने की जो जंग छिड़ी, उसमें कई निजी टेलिकॉम कंपनियां बाजार छोड़ने पर मजबूर हो गईं और बीएसएनएल की तो कमर ही टूट गई। साल 2018 में कंपनी को करीब 8,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

बीएसएनएल की कुल आमदनी का करीब 55 फीसदी कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होता है। हर साल इस बजट में 8 फीसदी की बढ़ोतरी हो जाती है। निजी क्षेत्र की कंपनियां जहां 5जी की तैयारी में हजारों करोड़ रुपये निवेश कर रही हैं वहीं बीएसएनएल बाजार में बने रहने के लिए सरकार की तरफ से 4जी स्पेक्ट्रम आवंटित किए जाने की प्रतीक्षा कर रही है। कंपनी ने सरकार से अपने पास मौजूद जमीन बेचकर नकदी जुटाने की मंजूरी मांगी लेकिन सरकार की तरफ से इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया। अभी की स्थिति में बीएसएनएल की परेशानियों की अनदेखी नहीं की जा सकती क्योंकि इससे लाखों लोगों का जीवन जुड़ा है। सचाई यह है कि बीएसएनएल ही नहीं, देश के कई सार्वजनिक उपक्रमों की हालत अभी बेहद खस्ता है। पिछले साल कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि देश की 157 सरकारी कंपनियां एक लाख करोड़ से भी ज्यादा के घाटे में डूबी हैं। सरकार का रवैया सार्वजनिक उपक्रमों से पीछा छुड़ाने का ही है लेकिन वह कर्मचारियों के विरोध से बचना भी चाहती है। इनके बारे में सख्त फैसले सही वक्त पर लिए जाने चाहिए ताकि राष्ट्रीय संसाधनों की बर्बादी न हो और कर्मचारियों का भविष्य भी दांव पर न लगे।

# बैंक में एक से ज्यादा अकाउंट हैं तो उठाना पड़ेगा भारी नुकसान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आजकल सभी लोगों के पास एक से ज्यादा बैंक अकाउंट होते हैं. बिना किसी जरूरत के भी लोग दो या उससे ज्यादा अकाउंट खुलवा लेते हैं. लेकिन, होता ये है कि बाद में लोग इस अकाउंट को मेंटेन नहीं कर पाते हैं. नौकरीपेशा लोगों के लिए जो बात इसका सबसे बड़ा कारण है, वह है एक उनका सैलरी अकाउंट और दूसरा उनका पर्सनल सेविंग अकाउंट. ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं एक से ज्यादा अकाउंट खोलने पर आपको कैसे उसका नुकसान उठाना पड़ता है.




सेविंग अकाउंट में बैंक की ओर से मिनिमम बैलेंस रखने का प्रावधान होता है. ऐसा न करने पर बैंक आपसे पेनल्टी वसूलता है. कई बैंकों में मिनिमम बैलेंस की सीमा 10,000 रुपए है. ऐसे में अगर आपके पास दो से ज्यादा अकाउंट हैं तो आपकी टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि आम आदमी के लिए सेविंग अकाउंट में 20,000 रुपए जमा रखना काफी मुश्किल है.

ज्यादा बैंकों में अकाउंट होने से टैक्स जमा करते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. कागजी कार्रवाई में भी अधिक माथापच्ची करनी पड़ती है. साथ ही इनकम टैक्स फाइल करते समय सभी बैंक खातों से जुड़ी जानकारियां रखनी पड़ती है. अक्सर उनके स्टेटमेंट का रिकॉर्ड जुटाना काफी पेचीदा काम हो जाता है.

कई अकाउंट होने से आपको सालाना मेंटनेंस फीस और सर्विस चार्ज देने होते हैं. क्रेडिट और डेबिट कार्ड के अलावा अन्य बैंकिंग सुविधाओं के लिए भी बैंक आपसे पैसे चार्ज करता है. तो यहां भी आपको काफी पैसों का नुकसान उठाना पड़ता है.

एक से ज्यादा बैंकों में अकाउंट होने से आपको कम ब्याज के रूप में भी नुकसान उठाना पड़ता है. यानी एक से ज्यादा अकाउंट होने से आपका बड़ा अमाउंट बैंकों में फंस जाता है. उस राशि पर आपको ज्यादा से ज्यादा 4 से 5 फीसदी ही सालाना रिटर्न मिलता है. जबकि आप उस पैसे को दूसरी योजनाओं में लगा सकते हैं. इससे आपको सालाना रिटर्न के तौर पर ज्यादा ब्याज मिलेगा.

## लगातार दूसरे दिन बढ़े पेट्रोल, डीजल के दाम

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में फिर लगातार दूसरे दिन वृद्धि हुई है। तेल कंपनियों ने शुक्रवार को दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में पांच पैसे जबकि डीजल के दाम में छह पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की। देश की राजधानी दिल्ली में दो दिनों में पेट्रोल 12 पैसे लीटर महंगा हो गया है। वहीं, डीजल का दाम इन दिनों में 11 पैसे प्रति लीटर बढ़ गया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बढ़कर क्रमशः 70.17 रुपये, 72.43 रुपये, 75.87 रुपये और 72.89 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।



चारों महानगरों में डीजल के दाम भी बढ़कर क्रमशः 64.01 रुपये, 65.93 रुपये, 67.11 रुपये और 67.70 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हालांकि कच्चे तेल के भाव में लगातार दूसरे दिन नरमी रही लेकिन ब्रेंट क्रूड का दाम 65 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर ही बना हुआ है।

## 50 पैसे से लेकर 10 रुपए तक के सभी सिक्के मान्य:आरबीआई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आरबीआई ने एक बार फिर कहा है कि 50 पैसे से लेकर 10 रुपये तक के सभी सिक्के मान्य हैं और चलन में हैं. कोई भी इन सिक्कों को लेने से इनकार नहीं कर सकता है. रिजर्व बैंक ने बैंकों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि उनकी शाखाओं में ऐसे सभी सिक्के स्वीकार किए जाएं.

फिलहाल विभिन्न आकार-प्रकार, डिजाइन के 50 पैसा, 1 रुपया, 2 रुपया, 5 रुपया और 10 रुपये की राशि के सिक्के चलन में हैं. केंद्रीय बैंक ने इसके साथ बैंकों से यह भी कहा है कि वे सिक्के बदलने आने वाले ग्राहकों को अपनी शाखाओं से नहीं लौटाएं. नोट और सिक्कों को बदलने के बारे में आरबीआई के परिपत्र में बैंकों को सलाह दी गई है कि किसी भी बैंक शाखा को छोटी राशि के नोट या सिक्कों को लेने से मना नहीं करना चाहिए. हालांकि, आरबीआई को बैंक शाखाओं द्वारा सिक्कों को स्वीकार नहीं करने के बारे में शिकायतें मिलती रही हैं.



रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, ऐसी खबरें हैं कि जनता के कुछ हिस्सों में इस बारे में संदेह है कि ये सिक्के सही हैं या नहीं. रिजर्व बैंक ने कहा, इसकी वजह से कुछ व्यापारी, दुकानदार और आम लोग सिक्के लेने से हिचकते हैं. इसकी वजह से देश के कई हिस्सों में सिक्कों का निर्बाध तरीके से सर्कुलेशन और इस्तेमाल नहीं हो रहा.

रिजर्व बैंक ने कहा कि लोगों की लेन-देन की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय-समय पर जो भी सिक्के चलन में लाए जाते हैं, उनकी विशेषताएं अलग होती हैं. वे विभिन्न विचारों, आर्थिक, सामाजिक और संस्कृति से प्रेरित होती हैं. आरबीआई ने कहा कि सिक्के लंबी अवधि के लिए चलन में बने रहते हैं. साथ ही अलग-अलग डिजाइन और आकार के सिक्के जारी किए जाते हैं.

## इंडिगो ने टिकट कैंसलेशन, बदलाव पर शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** किफायती विमानन सेवा देने वाली कंपनी इंडिगो ने गुरुवार मध्य रात्रि से टिकट रद्द करने और बदलाव करने के शुल्क में 500 रुपये तक की वृद्धि की घोषणा की। यह व्यवस्था यात्रा के तीन दिन या उससे पहले टिकट रद्द और बदलाव करने पर लागू होगी।

इंडिगो ने बयान में कहा, यात्रा की तारीख से 0 से 3 दिन के भीतर टिकट में बदलाव या रद्द करने पर ही संशोधन लागू होगा। यदि यात्री सफर की तारीख से चार या उससे ज्यादा पहले टिकट में बदलाव कर रहा है तो शुल्क समान रहेगा। घरेलू उड़ानों के लिए यात्रा से तीन दिन पहले तक टिकट रद्द करने या उसमें बदलाव करने का शुल्क अब क्रमशः 3,500 और 3,000 रुपये होगा। इस घोषणा से पहले कंपनी क्रमशः 3,000 रुपये और 2,500 रुपये का शुल्क ही लेती थी।



यदि उपरोक्त अवधि के अलावा टिकट रद्द या टिकट में बदलाव किया जाता है तो क्रमशः 3,000 रुपये और 2,500 रुपये शुल्क ही लगेगा। भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर उड़ान भरने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टिकट रद्द करने या तारीख में बदलाव करने पर क्रमशः 3,500 रुपये और 3,000 रुपये लगेंगे।

## एमजी मोटर ने भारतीय बाजार में रखा, एमजी हेक्टर एसयूवी उतारा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** ब्रिटेन के वाहन ब्रांड एमजी मोटर ने भारतीय बाजार में कदम रखते हुए गुरुवार को एसयूवी एमजी हेक्टर को लांच किया जिसकी कीमत 12.18 लाख रुपए से 16.88 लाख रुपए (एक्स शोरुम ) है। हेक्टर 5 सीट वाली एसयूवी है और यह चार संस्करणों स्टाइल ,सुपर,स्मार्ट और शार्प में उपलब्ध है। स्टाइल हेक्टर का धार और शार्प टाप संस्करण है। हेक्टर का फ्रंट नये ढंग से डिजाइन किया गया है। हेडलैंप बंपर में लगे हुए हैं। हेक्टर का शानदार विंड स्क्रीन रियर लुक को बेहतरीन बनाता है । पेट्रोल संस्करण में 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है जो 143 एचपी का पावर और 250 एनएम टार्क उत्पादित करता है।

डीजल इंजन संस्करण दो लीटर का है जो 170 एचपी और 350 एनएम टार्क उत्पादित करता है। दोनों इंजन में छह स्पीड मैन्युअल गियरबाक्स स्टैंडर्ड है। पेट्रोल इंजन में छह स्पीड डयूल क्लच आटोमैटिक गियरबाक्स का विकल्प भी है।

## महिला फुटबाल : इंग्लैंड ने विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**ले हार्वे (आरएनएस)।** इंग्लैंड ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए यहां नॉर्वे को 3-0 से मात देकर विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पांच मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए मुख्य कोच फिल नेविल की टीम खिताब की ओर बढ़ रही है। नॉर्वे के खिलाफ इंग्लैंड के लिए जिल स्कॉट, एलेन व्हाइट और लूसी ब्रॉन्ज ने गोल किया। मैच की शुरुआत से ही इंग्लैंड ने दमदार प्रदर्शन किया। तीसरे मिनट में स्कॉट ने गोल करते हुए अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

पहला हाफ समाप्त होने से पहले इंग्लैंड की टीम अपनी बढ़त को दोगुना करने में कामयाब रही। मैच के 40वें मिनट में व्हाइट ने अटैक किया और गोल करते हुए अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ भी इंग्लैंड के लिए दमदार रहा। 57वें मिनट में ब्रॉन्ज ने गोल करके इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित कर दी।

## पेटीएम की मेट्रो रूट सर्च करने की पेशकश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** डिजिटल भुगतान कंपनी पेटीएम ने 'मेट्रो रूट सर्च' फीचर लाँच करने की घोषणा की है जो दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव, बेंगलुरू, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ, कोच्चि और जयपुर समेत उन सभी 10 शहरों में उपलब्ध है जहां मेट्रो की सेवाएं हैं। पेटीएम ने गुरूवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह फीचर न सिर्फ स्टेशन से गंतव्य तक के रास्ते का सुझाव देता है बल्कि यह यात्रा का अनुमानित समय, किराया, बीच में आने वाले स्टेशनों की संख्या तथा लाइन बदलने के लिये इंटरचेंज स्टेशन का भी सुझाव देता है।



जिन रास्तों के लिये एक से अधिक विकल्प उपलब्ध होते हैं, ऐसी स्थिति में यह फीचर यात्रा की अवधि तथा यात्रा के दौरान बदली जाने वाली मेट्रो लाइनों की संख्या के आधार पर सबसे बेहतर मार्ग का सुझाव देता है। कंपनी के उपाध्यक्ष अभिषेक राजन ने कहा कि पेटीएम अपने उपभोक्ताओं के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के बारे में लगातार चिंतन करता है। मेट्रो रूट सर्च मेट्रो से यात्रा करने वाले लोगों को स्मार्ट तरीके से अपनी यात्रा की योजना बनाने का आसान तरीका उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ाया एक नया कदम है। इस फीचर को ऐप पर लाइव करने के कुछ ही घंटों में शानदार प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं।

## आज का राशिफल

मेषः- आज कोई खास डील फाइनल हो सकती है। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है।

वृषभः- आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः- आज का दिन काफी रचनात्मक है। जो काम आपको सबसे प्रिय है, आज वहीं करने का मौका मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी।

कर्कः- जो भी काम लगन के साथ करेंगे, आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

सिंहः- आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन मंदिर जाना हो सकता है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे।

कन्याः- आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

तुलाः- आज आपका टाइम अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी होंगी।

वृश्चिकः- माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा।

धनुः- आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।


मकरः- साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा।

कुंभः- व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझकर करें। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

मीनः- आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपको अनुकूल प्रभाव तभी मिलेगा जब आप थोड़ी बहुत जिम्मेदारी अपने जूनियर्स को भी देंगे।

## मैंगो पेड़ेबी या आम के लड्डू बनाने की विधि ...

हम आपके लिए नई नई रेसिपी लाते रहते तो चलिए आज हम बनाते है मैंगो पेड़े



**सामग्री :**

खोया - 200 ग्राम , पिसी शक्कर - 50 ग्राम , आम का रस - 200 मिली , इलायची पाउडर - 1 1/2 छोटा चम्मच , अखरोट , बादाम व पिस्ता - कुटा हुआ ।

**विधि :**

कड़ाही में खोया भूनते हुए थोड़ा - थोड़ा आम का रस डालकर मिलाएं । जब मिश्रण अच्छी तरह भुन जाए तब पिसी शक्कर , इलायची पाऊडर , कुटा हुआ अखरोट , बादाम व पिस्ता चूरा मिलाएं । थोड़ी देर इसे भूनें । जब मिश्रण कड़ाही की तली छोड़ने लगे तब इसे आंच से उतार दें और ठंडा होने दें । तैयार मिश्रण के पेड़े बना लें । ऊपर से अखरोट , बादाम और पिस्ता का चूरा लगाएं । आपके पेड़े तैयार है अब इन्हें सर्वे करे और इनका मजा ले

## शब्द सामर्थ्य- 9

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 08 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 9

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.08 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |